मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-516**
**14/08/2026**

# मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पटना, 14 अगस्त 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन करते हुये कहा कि राष्ट्रभक्तों के साहस, त्याग एवं बलिदान के फलस्वरूप ही 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ। हम उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति दी। उनके उच्च आदर्श आज भी हम सबों के लिये प्रेरणा के स्रोत हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य एवं देशवासियों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारा, मेल–जोल, सद्भाव, सहिष्णुता का वातावरण बनाये रखें। देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिये आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी एकता और अखण्डता को बनाये रखेंगे और देश को प्रगति, समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचायेंगे। देश का नाम दुनिया में रौशन करते रहेंगे।

******